मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-160
17/03/2026

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान बांका जिले को दी 709 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

- मुख्यमंत्री ने 118 करोड़ रुपये की लागत से 278 योजनाओं का उद्घाटन एवं 591 करोड़ रुपये की लागत से 219 योजनाओं का किया शिलान्यास।

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश।

पटना, 17 मार्च, 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में बांका जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बांका जिला के अंतर्गत समृद्धि यात्रा के दौरान 575 लाख रुपये लागत की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटोरिया स्थित नवनिर्मित भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के पश्चात् नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक्स–रे रूम, नमूना संग्रह केंद्र, ई0सी0जी0 रूम एवं आपातकालीन केंद्र सहित अन्य भागों का निरीक्षण कर चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इसी परिसर से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर बांका जिले के लिए 118 करोड़ रुपये की लागत से 278 योजनाओं का उद्घाटन एवं 591 करोड़ रुपये की लागत से 219 योजनाओं का शिलान्यास किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने डिग्री कॉलेज परिसर, कटोरिया में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों की जानकारी ली। बौंसी प्रखंड में 31/11 केवी, 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का, 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र अमरपुर के निर्माण कार्य का, पथ प्रमंडल बांका अंतर्गत सुल्तानगंज, तारापुर, बेलहर, कटोरिया, चानन, दर्दमारा पथ (एस0एच0–22), भागलपुर–अमरपुर–बांका (एस0एच0–25), बौंसी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निर्माण कार्य, बाढ़ में गंगा नदी अधिशेष जल को बांका जिला के बदुआ जलाशय एवं मुंगेर जिला अंतर्गत खड़गपुर जलाशय में अंतरण कार्य की जानकारी ली। सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जीविका के स्टॉल के निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन कार्य से जुड़े हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां आपकी कृपा से जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए।

मुख्यमंत्री ने 3,426 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 55 करोड़ 70 लाख का सांकेतिक चेक प्रदान किया तथा 13,623 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को

363 करोड़ का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत 34 लाभुकों को 1 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को भी सांकेतिक चेक प्रदान किया।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री सह बांका जिला के प्रभारी मंत्री श्री संजय सिंह टाइगर, विधायक, श्री जयंत राज, विधायक, श्री मनोज यादव, विधायक, श्री मनीष कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव, श्री कुमार रवि, भागलपुर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक, श्री विवेक कुमार, बांका के जिलाधिकारी, श्री नवदीप शुक्ला, बांका के पुलिस अधीक्षक, श्री उपेंद्र नाथ वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******